कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–1, मई 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## बेहद उज्ज्वल है पेंट उद्योग का भविष्य



भारत में भूमंडलीकरण और उदारीकरण की दस्तक के साथ से ही देश को इसका फायदा मिलता रहा है। इसकी वजह से अधिकतर उद्योगों ने राजस्व के मामले में बेहतरीन विकास दर हासिल किये और रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाई। इन उद्योगों में पेंट उद्योग भी शामिल है, जिसमें देश ने न केवल आत्मनिर्भरता हासिल किया बल्कि विदेशी बाजारों में निर्यात भी करना शुरू कर दिया। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट इकाई, कामधेनु पेंट्स ने कुल उत्पादन में अहम योगदान देकर महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है।

फिलहाल भारतीय पेंट उद्योग करीब 26,000 करोड़ रुपये का है, जिसमें 71 फीसदी हिस्सा सजावटी पेंट और बाकी का औद्योगिक पेंट का है। भारतीय पेंट उद्योग सालाना 31 लाख टन पेंट का उत्पादन करता है, जिसमें सजावटी पेंट का उत्पादन करीब 24 लाख टन है। वहीं प्रति व्यक्ति पेंट खपत करीब 2.57 किलो है। 2016 तक भारतीय पेंट उद्योग का बाजार 50,000 करोड़ रुपये का और प्रति व्यक्ति खपत 4 किलो हो जाने की उम्मीद है। कामधेनु पेंट्स के डायरेक्टर सौरभ अग्रवाल औद्योगिक विकास की नई लहर को पेंट उद्योग के लिए बेहद सकारात्मक मानते हैं।

उद्योग जगत के दिग्गजों को उम्मीद है कि अगले 4–5 सालों के दौरान पेंट उद्योग में अच्छी ग्रोथ रहेगी। श्री अग्रवाल के अनुसार इसका श्रेय भारत में मध्य वर्ग की बढ़ती आय एवं एकल परिवारों में रहने को युवाओं द्वारा दी जा रही वरीयता को जाता है। इस वर्ग द्वारा पेंट उद्योग को अच्छी माँग मिल रही है। साथ ही ऑटो उद्योग में अच्छी विकास दर का फायदा भी पेंट उद्योग को मिल रहा है। श्री अग्रवाल ने औद्योगिक और सजावटी दोनों श्रेणियों में निरंतर अच्छी विकास दर की उम्मीद जताई है।

कामधेनु पेंट्स ने बाजार की माँग के मुताबिक इको फ्रेश पेंट्स श्रेणी में कई उत्पाद पेश किए हैं। ये जल–आधारित लग्जरी इंटीरियर एमल्सन पेंट हैं, जो घर की दीवारों को जगमगा देते हैं। श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, "हमारे पर्यावरण के अनुकूल पेंट की पहचान बेहद कम स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह वीओसी (वोलेटाईल ऑर्गेनिक कम्पाउंड) वाले पेंट के रूप में है। इस साल हम कुछ और मनमोहक पेंट पेश करने जा रहे हैं, जो घर की दीवारों में चार चाँद लगा देंगे। कामधेनु पेंट्स पर मौसम का असर नहीं पड़ता, ये दाग धब्बों से बेअसर होते हैं और बहुत ज्यादा तापमान पर भी इनमें दरारें नहीं पड़ती। ऐसे में हम भारत और विदेशों में इनकी माँग बढ़ा सकते हैं। बाजार हिस्सेदारी में लगातार बढ़ोतरी के जरिये कामधेनु नंबर 6 की अपनी मौजूदा स्थिति और मजबूत करेगी।"



# कर्नाटक में कांग्रेस को मिली सत्ता




चौतरफा संकट में घिरी कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लिए कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे राहत लेकर आए। कांग्रेस ने सत्ताधारी बीजेपी को करारी मात देकर उससे कर्नाटक का ताज छीन लिया।

कांग्रेस ने कर्नाटक में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया। 223 सीटों के लिए हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 121 सीटें हासिल कीं। वहीं बीजीपी को महज 40 सीटों से संतोष करना पड़ा। जनता दल सेक्युलर ने भी 40 सीटें जीती।

बीजेपी को कर्नाटक में बी एस येदयुरप्पा के विद्रोह और आंतरिक गुटबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा। हालांकि चुनाव के बाद कांग्रेस को भी मुख्यमंत्री पद के लिए बहुत माथापच्ची करनी पड़ी। अंत में कांग्रेस ने राज्य के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री बनाया।

# बाजार हिस्सेदारी बढ़ाएगी कामधेनु




कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने देश भर में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की कोशिशें तेज कर दी है। इसी कड़ी में कंपनी ने अपने ग्राहकों से सीधे जुड़ने के लिए उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रमों की गति और पहुंच बढ़ा दी है।

उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहर वाराणसी के दानगंज में आयोजित उपभोक्ता जागरुकता अभियान में 130 से ज्यादा लोग शामिल हुए। इनमें वाराणसी और आसपास के मिस्त्री, रिटेलर और ठेकेदार शामिल हुए।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर सागर प्रताप सिंह ने कहा कि वाराणसी में निर्माण सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया करा रही है। उन्होंने बताया कि कामधेनु अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं मुहैया करा रही है।

नीमच जिला, मध्य प्रदेश में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने मैसन मीट का आयोजन किया। हाल में ही मानसा में आयोजित मिस्त्रियों ने कामधेनु उत्पादों के प्रति भरपूर भरोसा जताया। इस कार्यक्रम में नीमच जिले के 120 से ज्यादा मिस्त्री और डीलर शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मार्केटिंग मैनेजर श्री अविनाश कुमार ने मिस्त्रियों को कामधेनु के उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता और नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने मजबूत डीलर नेटवर्क की बदौलत बहुत कम समय में देश के कोने कोने में कंस्ट्रक्शन मैटेरियल और पेंट मुहैया कराने में कामयाब रही है।



# बिहार में कामधेनु की डीलर्स मीट




देश में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने बिहार में अपनी बाजार हिस्सेदारी को और बढ़ाने का इरादा जताया है। कामधेनु इस्पात अपने डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क को और कुशल बनाकर अपनी बाजार हिस्सेदारी बढाएगी।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित करने और अपने विस्तार के इरादे जाहिर करने के लिए राजधानी पटना के करीब हाजीपुर में एक डीलर्स मीट का आयोजन किया। 30 अप्रैल को यह मीट हाजीपुर के फन प्वाइंट रिसॉर्ट में आयोजित की गई थी।

हाजीपुर में हुई डीलर्स मीट में आसपास के क्षेत्रों के 50 से ज्यादा डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हुए थे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड और बिहार में लाइसेंस यूज़र समझौते के तहत कामधेनु टीएमटी के अधिकृत निर्माता कंपनी दादीजी स्टील्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित डीलरों को कंपनी के नए उत्पादों, नीतियों और योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जीएम, मार्केटिंग श्री वाई आर पंडिता ने डीलरों को संबोधित करते हुए कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड विस्तार के अगले चरण में पहुँच गई है। कंपनी बेहतरीन गुणवत्ता के जरिये देश भर के स्टील बाजार में लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रही है। कंपनी की बिहार और झारखंड में विस्तार की बड़ी योजना है। इस योजना में डीलरों की अहम भूमिका है।"

श्री पंडिता ने डीलरों को बताया कि कंपनी उनके हितों को देखते हुए नई योजनाएं शुरू कर रही है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित करती है। साथ ही कंपनी उनके फायदे के लिए कई तरह के कदम भी उठाती है।

हाजीपुर में आयोजित डीलर्स मीट के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलरों को बेस्ट सपोर्टिंग डीलर के खिताब से नवाजा गया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को कंपनी की ओर से सम्मानित भी किया गया।

वहीं डीलर मीट के दौरान उपस्थित डीलरों को भी अपनी बात रखने का मौका दिया गया। कई डीलरों ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से सवाल पूछे, जिनका बखूबी के साथ जवाब दिया गया। डीलरों ने भरोसा दिलाया कि वो बिहार में कामधेनु की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देंगे।





**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री मुख्तयार सिंह
**मैसर्स जोगिन्दर सिंह एण्ड संस**
तलवन्डी रोड,
सुल्तानपुर लोधी–144626
मो.– 9465460016

श्री अनिल सुरेखा
**मैसर्स सुरेखा ट्रेडर्स**
गणेश चौक,
समस्तीपुर (बिहार)
मो.– 9334442727

श्री विनय डालमिया
**मैसर्स राजलक्ष्मी स्टील ट्रेडर्स**
अग्निहोत्री कॉम्पलेक्स, घाट रोड,
नागपुर
मो.– 09823134621, 0712275659

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 25.03.2013



# कामधेनु का पंजाब और हिमाचल में उपभोक्ता जागरुकता अभियान
















बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने उपभोक्ताओं और डीलरों के साथ सीधे संवाद के लिए उपभोक्ता जागरुकता अभियान तेज कर दिया है। कंपनी ने मई के दूसरे हफ्ते में हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में कई सीएपी आयोजित किए।

14 मई को अंबाला सिटी के होटल मलिक रीजेंसी में आयोजित उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम में कंपनी के जनरल मैनेजर श्री राकेश मिसरी, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर, श्री सुनील सेन और क्वॉलिटी इंचार्ज, श्री ललित राजपूत शामिल हुए। इस कार्यक्रम में 55 से ज्यादा डीलर शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान कामधेनु के जनरल मैनेजर श्री राकेश मिसरी ने डीलरों को कामधेनु के उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मकान में इस्तेमाल हुए सरिये को बदला नहीं जा सकता। ऐसे में बेहतरीन गुणवत्ता वाले सरिये का इस्तेमाल मजबूत निर्माण की गारंटी है।

कामधेनु ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में 7 और 8 मई को डीलरों और ग्राहकों से सीधा संवाद किया। 7 मई को नेर चौक के होटल लैंडमार्क और 8 मई को छैल चौक के मेसर्स नानक चंद एंड कंपनी के वेन्यु पर उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्राहकों को कामधेनु के उत्पादों की गुणवत्ता और तकनीक के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था।

लैंडमार्क होटल में आयोजित सीएपी में 90 और छैल चौक पर आयोजित कार्यक्रम में 55 से ज्यादा डीलर मौजूद थे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जनरल मैनेजर श्री राकेश मिसरी ने दोनों कार्यक्रमों में कामधेनु के उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भवन निर्माण में मजबूत सरिये के इस्तेमाल के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।

वहीं कामधेनु ने पंजाब के मानसा जिले के बोहा में भी 24 अप्रैल को उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। राज पैलेस होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में 80 से ज्यादा आर्किटेक्ट, इंजीनियर, ठेकेदार, मिस्त्री और डीलर उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जनरल मैनेजर श्री वी के गहलौत, श्री सुबोध सिंगला, डिस्ट्रीब्यूटर, श्री पुनीत कपिल, मार्केटिंग एक्जिक्युटिव शामिल हुए। श्री वी के गहलौत ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों को एफई 500 और स्ट्रक्चरल स्टील श्रेणी के उत्पादों की खासियतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

श्री गहलौत ने बताया कि बेहतरीन निर्माण के लिए उच्च क्वॉलिटी के कंस्ट्रक्शन मैटेरियल का इस्तेमाल भी जरूरी होता है। कामधेनु अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के जरिये "हर एक के पास मजबूत छत" का सपना पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने मजबूत डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क की बदौलत अपनी बाजार हिस्सेदारी में लगातार बढ़ोतरी कर रही है।

उपभोक्ता जागरुकता अभियान के इन कार्यक्रमों की मदद से कामधेनु इस्पात लिमिटेड को अपने ग्राहकों के मिजाज को समझने का मौका मिला। कार्यक्रम बेहद जीवंत रहे और आपसी संवाद का मौका मिला। डीलरों ने भी कामधेनु के वरिष्ठ अधिकारियों से सवाल पूछें, जिनका जवाब अधिकारियों ने बखूबी दिया।

कामधेनु के वरिष्ठ अधिकारियों ने तीनों कार्यक्रमों में उपस्थित डीलरों को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया। कामधेनु ने ऐसे ही उपभोक्ता जागरुकता अभियान कार्यक्रम आगे भी जारी रखने का इरादा जताया है।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com